# बोल हरी बोल हरी हरी हरी बोल | By Sanjay Chauhan |

बोल हरी बोल हरी हरी हरी बोल
केशव माधव गोविंद बोल

नाम प्रभु का है सुखकारी
पाप कटेंगे क्षण में भारी
नाम का पी ले अमृत घोल
केशव माधव गोविंद बोल
बोल हरी बोल हरी हरी हरी बोल
केशव माधव गोविंद बोल

शबरी अहिल्या सदन कसाई
नाम जपने से मुक्ति पाई
नाम की महिमा है बेतोल
केशव माधव गोविंद बोल
बोल हरी बोल हरी हरी हरी बोल
केशव माधव गोविंद बोल

जो जो शरण पड़े प्रभु तारे
भाव सागर से पार उतारे
बंदे तेरा क्या लगता है मोल
केशव माधव गोविंद बोल
बोल हरी बोल हरी हरी हरी बोल
केशव माधव गोविंद बोल

अर्जुन का रथ आप चलाया
गीता कहकर ज्ञान सुनाया
बोल बोल हित चित से बोल
केशव माधव गोविंद बोल
बोल हरी बोल हरी हरी हरी बोल
केशव माधव गोविंद बोल

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-by/